# न्यायालय जिला कलक्टर, बाड़मेर

पीठासीन अधिकारी : टीना डाबी, आई0ए0एस0

पंचायत निगरानी प्रार्थना पत्र सं. 32/2019

| **प्रार्थी–** | ***बनाम*** | **अप्रार्थीगण–** |
| --- | --- | --- |
| भैराराम पुत्र नेनाराम जाति कुम्हार निवासी बिसारणिया पंचायत समिति धनाऊ तहसील चौहटन जिला बाड़मेर | | सरपंच, ग्राम पंचायत बिसारणिया पंचायत समिति धनाऊ तहसील चौहटन जिला बाड़मेर |

**निगरानी प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 97 राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम, 1994 विरूद्ध नोटिस संख्या 146 दिनांक 21.11.2019 जो ग्राम पंचायत बिसारणिया द्वारा जारी किया गया।**

उपस्थिति :–

1. श्री सुनील के मेराजा, अधिवक्ता प्रार्थी की ओर से उपस्थित।
2. श्री बांकाराम चौधरी, अधिवक्ता अप्रार्थी की ओर से उपस्थित।

## निर्णय

दिनांक : 27.01.2025

1. प्रार्थी की ओर से यह निगरानी प्रार्थना पत्र ग्राम पंचायत बिसारणिया के द्वारा प्रार्थी के विरूद्ध जारी नोटिस संख्या 146 दिनांक 21.11.2019 के विरूद्ध दिनांक 27.11.2019 को प्रस्तुत किया गया।

2. प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के संक्षिप्त तथ्य यह है कि दिनांक 27.04.2018 को ग्राम पंचायत बिसारणिया की ग्राम सभा की बैठक में प्रस्ताव सं. 1 जीपीडीपी–2018 के अनुसार विभिन्न निर्माण कार्यों के प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया, जिसमें क्रम सं. 11 पर बिसारणिया मैन चौराया, सर्किल व इंटरलॉकिंग कार्य का भी अनुमोदन किया गया। इस प्रस्ताव पर जिला परिषद बाड़मेर द्वारा कुल 10 लाख रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति आदेश दिनांक 10.09.2018 को जारी किया गया। ग्राम पंचायत बिसारणिया के निवासी श्री देवीलाल पुत्र राजूराम जाति जाट निवासी जाखड़ों का तला द्वारा ग्राम पंचायत के समक्ष शिकायत प्रस्तुत कर निवेदन

Signature Not Verified
Digitally signed by Tina Dabi
Date: 2025.03.28 11:40:36 IST
Reason: SelfAttested

न्यायालय जिला कलक्टर बाड़मेर (राजस्थान)



जिला कलक्टर
बाड़मेर

